राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

पीठासीन अधिकारी – राजपाल यादव, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर– 107 / 2020

किशनलाल पुत्र महावीर प्रसाद जाति ब्राह्मण निवासी रसुलपुर तहसील खेतड़ी, जिला झुझुनू (राज)

.... प्रार्थी

ब–ना–म

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी, जिला झुन्झुनू (राज)

..........अप्रार्थी

प्रार्थन पत्र – नाम दुरूस्ती

निर्णय **दिनांक 16–02–2021**

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम ताल तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 183 तथा वाके ग्राम रसूलपुर तहसील खेतड़ी स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 139, 139, 140, 237 में प्रार्थी का नाम राधाकिशन पुत्र महाबीर के स्थान पर किशनलाल पुत्र महावीर प्रसाद दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार खेतड़ी से प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में चाहे गये अनुतोष के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार खेतड़ी से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाना उचित है।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल जमाबंदी संवत् 2075–78 खाता सं. 183 ग्राम ताल व नकल जमाबंदी संवत् 2075–78 खाता सं. 138, 139, 140, 237 ग्राम रसुलपुर पेश की गई तथा गवाह फूलचन्द फागना पुत्र गणपतराम जाति गुर्जर निवासी रसुलपुर व लोकेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह जाति राजपूत निवासी रसुलपुर के शपथ पत्र पेश किये गये।

बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात एवं प्रार्थना पत्र के अभिवचनों तथा जांच रिपोर्ट तहसीलदार खेतड़ी का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। राजस्व ग्राम ताल तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 183 तथा राजस्व ग्राम रसूलपुर तहसील खेतड़ी स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 139, 139, 140, 237 में प्रार्थी का नाम राधाकिशन पुत्र महाबीर के स्थान पर किशनलाल पुत्र महावीर प्रसाद दुरूस्त किया जाना न्यायोचित पाया जाता है।

आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम ताल तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 183 तथा राजस्व ग्राम रसूलपुर तहसील खेतड़ी स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 139, 139, 140, 237 में प्रार्थी का नाम राधाकिशन पुत्र महाबीर के स्थान पर किशनलाल पुत्र महावीर प्रसाद दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार खेतड़ी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 16–02–2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजपाल यादव)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी